No. of Printed Pages : 5 **MHD–2**

# हिन्दी में स्नातकोत्तर उपाधि ( एम. ए. हिन्दी )

## ( एम.एच.डी. )

## सत्रांत परीक्षा

## दिसम्बर, 2024

## एम.एच.डी.–2 : आधुनिक हिन्दी काव्य

समय : 3 घण्टे अधिकतम अंक : 100

---

***नोट : प्रथम*** *प्रश्न अनिवार्य है। शेष प्रश्नों में से किन्हीं* ***चार*** *के उत्तर दीजिए।*

---

1. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** अवतरणों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 12×3=36

(क) घिर जातीं प्रलय घटाएँ

कुटिया पर आकर मेरी

तम चूर्ण बरस जाता था

छा जाती अधिक अँधेरी।

बिजली माला पहने फिर

मुस्क्याता था आँगन में

हाँ, कौन बरस जाता था

रस बूँद हमारे मन में !

(ख) हँस उठते पल में आर्द्रनयन

धुल जाता ओठों से विषाद,

छा जाता जीवन में वसन्त

लुट जाता चिर संचित चिराग,

आँखें देतीं सर्वस्व वार !

(ग) दाने आए घर के अंदर कई दिनों के बाद

धुँआ उठा आँगन से ऊपर कई दिनों के बाद

चमक उठीं घर भर की आँखें कई दिनों के बाद

कौए ने खुजलाईं पाँखें कई दिनों के बाद।

(घ) कभी बासन अधिक घिसने से मुलम्मा छूट जाता है।

मगर क्या तुम नहीं पहचान पाओगी:

तुम्हारे रूप के–तुम हो, निकट हो, इसी जादू के–

निजी किस सहज, गहरे बोध से, किस प्यार से

मैं कह रहा हूँ–

अगर मैं यह कहूँ–

बिछली घास हो तुम

लहलहाती हवा में कलगी छरहरी बाजरे की ?

(ङ) निकल गली से तब हत्यारा

आया उसने नाम पुकारा

हाथ तौलकर चाकू मारा

छूटा लोहू का फव्वारा

कहा नहीं था उसने आखिर उसकी हत्या होगी।

2. भारतेन्दु की कविता के संरचना-शिल्प पर प्रकाश डालिए। 16

3. जयशंकर प्रसाद की काव्य-भाषा की विशेषताओं को रेखांकित कीजिए। 16

4. काव्य में प्रयोगशीलता का आशय स्पष्ट कीजिए। इस आलोक में सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' की कविताओं का विश्लेषण कीजिए। 16

5. महादेवी वर्मा की कविताओं में अभिव्यक्त रहस्य भावना का विश्लेषण कीजिए। 16

6. नागार्जुन की काव्य–संवेदना पर एक निबंध लिखिए। 16

7. अज्ञेय की काव्यगत विशेषताओं का विवेचन कीजिए। 16

8. रघुवीर सहाय की कविता के विविध आयामों को उद्घाटित कीजिए। 16

9. श्रीकांत वर्मा की कविताओं में अभिव्यक्त राजनीतिक चेतना पर प्रकाश डालिए। 16

× × × × × × ×